इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध प्रदेश)
9394290204

फर्क है तर्क और कुतर्क में

छोटू! क्या बात है बड़े गहरे सोच रहा है? पार्क में बेंच पर अन्यमनस्क से छोटू को देख मैंने पूछा। अचानक मौन टूटा और छोतू पूछ बैठा। भैया! आप जानते हैं प्याज, लहसुन और अदरक के दाम क्यों बढ़ गए हैं? हां छोटू! फसल अच्छी न होने से, दूसरे प्रांतों से पूर्ति न होने से और बिचौलियों की वजह से इनके दाम बढ़े हैं। न भैया। आपका तर्क सही नहीं है। ये कारण हो सकते हैं लेकिन मुख्य और असली कारण कुछ और है। अच्छा ज्ञानदेव छोटू! बताएं मुखी और असली मुद्दा है क्या? इसका असली कारण है हमारी वित्त मंत्री प्याज, लहसुन और अदरक नहीं खातीं, इसलिए। अच्छा! तो करों के रूप में मध्य वर्ग जनता का खून पीने के साथ वे मंचिंग में खाती क्या हैं? और जो भी खाती हैं वे भी तो महंगी ही होंगे न? बताओ आजकल कौन सी चीज़ ऐसी है जो सस्ती है, हमारी जेब को भारी नहीं पड़ती? अब कहो बड़े भैया शाकाहारी हैं इसलिए चिकन, मटन और अंडों के भाव बढ़ गए। तो क्या वे साग सब्जी भी नहीं खाते जो उनके दाम भी तो कितने बढ़ गए? अब और ये मत कहना कि सारे सांसद, विधायक और नेता साइकल से या पैदल आते हैं। इसलिए पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए। यह कोई तर्क है तुम्हारा?भैया! काहे गर्मांत हो? इससे एक और बड़ी बात सामाजिक माध्यमों में चक्कर लगा रही है। वो क्या? यही कि लकड़ी के चूल्हे जलाते हैं कुछ सांसद इसलिए गैस की कीमतों में बढ़ोतरी होती है। महंगाई के शॉक से बाहर आइए। आप तो गहरे चले जाते हैं मोती की खोज में समंदर के अंदर जाते गोताखोर की तरह और मुझ पर टूट पड़ते हैं। जान लीजिये महंगाई इस देश का ब्रांड है और इस ब्रांडेड देश के बड़े लोग इस ब्रांड को बाकायदा बनाए हुये हैं अपने अस्तित्व को बचाने के लिए। तर्क और कुतर्क में फर्क है छोटू! कुछ भी कहता है तू तो। बता कौन सी बात है जो मीडिया में चक्कर का रही है? यही कि किसी ने हमारे वर्तमान वित्त मंत्री से पूछा कि आप डॉ मनमोहन सिंह जैसा अर्थशास्त्री, सफल वित्त मंत्री बनना पसंद करेंगी? उन्होंने कहा मैं मनमोहन सिंह बनना पसंद नहीं करूंगी। अब मैं कुछ बोलूं तो तुम कुछ भी सोचने लगते हो छोटू! पार्टियों की बात अलग है। व्यक्ति और विद्वान के रूप में पूरे विश्व में गिने चुने अर्थशास्त्रियों में से एक हैं डॉ मनमोहन सिंह। एक बात और अभी संसद में सत्ता पार्टी के सारे सांसदों की डिग्रियां मिला दी जाएं तब भी मनमोहन सिंह जी की डिग्रियां उनसे ज्यादा हैं। भले ही प्रधानमंत्री के रूप में वे उतने लोकप्रिय नहीं थे जितने पीवी नरसिंह राव के समय वित्त मंत्री के रूप में अत्यधिक सफल रहे। उनके कार्यकाल में जीडीपी आठ से नौ रही जो कि विश्वस्तरीय रही। आधार, सूचना अधिकार जैसी कई खास बातें उनके समय में हुईं। जब इस सरकार ने नोटबंदी की तो उन्होंने बताया कि इससे जीडीपी में दो प्वाइंट का पतन होगा। हुआ वही। ऐसे अर्थशास्त्री बनने के लिए संकल्प भरा सपना लेना होता है। वर्तमान की वित्त मंत्री कभी भी सफल वित्त मंत्री बन नहीं सकती मनमोहन सिंह बनना तो दूर की और किसी सपने की बात होगी। भले ही उन्हें मौनी बाबा कहा गया लेकिन उनका मौन इन सारे लोगों की चिह्नपों से ज्यादा सार्थक और उपयोगी थी। भैया! आप तो सीरियस हो गए? बात ही कुछ ऐसी थी छोटू! खैर? चलो महंगाई का मजा लेते हुए कुछ जायदाद बेचकर बाजार चलते हैं। प्याज, लहसुन और अदरक खरीदते हैं।

परदेशीपुरा क्षेत्र में चंद्रवंशी यादव समाज भी कृष्ण जन्माष्टमी पर निकालेगा भव्य शोभायात्रा

इंदौर। श्री चंद्रवंशी यादव समाज इंदौर के तत्वावधान में कुलदेवता भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरी धूमधाम से मनाया जाएगा। शनिवार, 16 अगस्त को सुबह 11 बजे जगजीवनराम नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पाटनीपुरा चौराहा, नंदानगर मेनरोड, परदेशीपुरा चौराहा होते हुए राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचेगी, जहां समापन पर महाआरती के बाद फलाहारी प्रसाद का वितरण भी होगा। समाज के अध्यक्ष संतोष यादव, विशाल यादव, नारायणसिंह यादव एवं ललित यादव ने बताया कि शोभायात्रा में अनेक मनोहारी झांकियां भी रहेंगी और शहर के अनेक संत-विद्वान एवं महामंडलेश्वर भी शोभायमान रहेंगे। यात्रा संयोजक सतीश यादव एवं कांतिलाल नीम ने बताया कि आयोजन समिति के रोहित यादव, राजेश यादव, मुकेश यादव, जीतू यादव, दिलीप यादव सहित समाज के 11 सदस्यों की व्यवस्था समिति गठित की गई है। शोभायात्रा में विशेष रूप से शहर के प्रमुख संत-विद्वान और महामंडलेश्वर भी बग्घियों में विराजित रहेंगे, इनमें महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज, महामंडलेश्वर दादू महाराज, महामंडलेश्वर नितिन महाराज, भागवताचार्य विवेकानंद एवं बाल संत ऋषभदास महाराज वृंदावन के नाम प्रमुख हैं। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र से संबंधित आकर्षक रंग-बिरंगी झांकियां तो रहेंगी ही, समूचे यात्रा मार्ग को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों, पुष्पमालाओं और अन्य चित्रकारी से सजाया जा रहा है।

नरसिंह वाटिका में आज शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रपौत्र

इंदौर। अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में शुक्रवार, 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की निश्रा में धर्मसभा तथा शाम 7.30 बजे से संतों के सानिध्य में 'गाथा वीर सैनिकों की' विशेष कार्यक्रम होगा, जिसमें अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रपौत्र अमित आजाद मुख्य प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। इस अवसर पर देश के महापुरुषों के बलिदान की गाथा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रेरक कहानियों के अलावा देशभक्ति के गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियां भी होंगी। शहर में संतों के सानिध्य में वीर सैनिकों की अमर गाथा का यह अनूठा आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम सभी राष्ट्रभक्त नागरिकों के लिए खुला है।

पलासिया नाले में फंसा निगमकर्मी

इंदौर। पलासिया नाले में फंसा निगमकर्मी। सूचना मिलते ही तत्काल टीम पहुंची पलासिया। निगमकर्मी को बड़े संघर्ष कर निकालने का प्रयास शुरू। ये बीच में कैसे पहुंचा अबतक पता नहीं चला। ये तो गनीमत है कि नाले में फंसे निगमकर्मी को गुजर रहे मुसाफिरों ने देखा और तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी। इससे टीमें तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू करना शुरू कर दिया।

तीन तरह से गैंग पर निगाह और जेल से छूटे बदमाशों से भी पूछताछ

रिटायर्ड जज के बेटे के घर चोरी का मामला, पुलिस ने तेज की जांच

इंदौर(नगर संवाददाता)। रिटायर्ड जज के बेटे के घर हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस के सारे प्रयासों के बाद भी आरोपियों को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। अनेक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने अब नए बिंदु पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जांच तेज करते हुए तीन तरह से गैंग पर निगाह के साथ ही जेल से छूटे बदमाशों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्दी ही इस सनसनीखेज चोरी की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

खुड़ैल इलाके की प्रगति पार्क कॉलोनी में रिटायर्ड जज रमेश गर्ग के बेटे ऋषिक गर्ग के यहां हुई चोरी में एसपी यंग चुंग डोलकर भूटिया के मार्गदर्शन में एसआइटी जांच करेंगी। सूत्रों का कहना है कि पुलिस के पास घटनास्थल के साथ ही बायपास से लेकर टाउनशिप तक के करीब 100 सीसीटीवी फुटेज हैं। बदमाश इतने चालाक थे कि उन्होंने न तो फिंगर प्रिंट छोड़े, न ही फुटेज में किसी का चेहरा स्पष्ट हुआ है। सुरक्षा और अलार्म अलर्ट होने के बाद वारदात कर फरार हो गए थे। इसके चलते वारदात का तरीका और बदमाशों की चालढाल को जांच का अहम बिंदु बनाया गया। बताते हैं कि इस तरह की वारदात का तरीका बाग-टांडा की गैंग, गुना की सांसी गैंग और सोनकच्छ की कंजर गैंग अपनाती है। इन गिरोहों से जुड़े बदमाशों की जानकारियां पुलिस टीमें जुटा रही हैं। जेल से छूटे कुछ बदमाशों से भी पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक देहात और जिले के करीब 5 निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को अलग-अलग टॉस्क देकर जांच में लगाया गया है।

शहर की पुलिस भी हुई अलर्ट -खुड़ैल इलाके में रिटायर्ड जज के बेटे के घर में हुई चोरी की बड़ी वारदात के बाद शहरी पुलिस भी अलर्ट हो गई है। शहरी थानों खजराना, कनाडिया, लसूडिया, तेजाजी नगर क्षेत्रों में बायपास से सटी कॉलोनियों में भी अब सतर्कता की कवायद हो रही है। इसके चलते खजराना थाना क्षेत्र में पुलिस अफसर साईकृपा कॉलोनी में रहवासियों के बीच पहुंचे और सुरक्षा इंतजाम को लेकर चर्चा की। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र दुक्षसह ने बताया कि कॉलोनी में रहवासियों के साथ बैठक कर सुरक्षा इंतजाम की समीक्षा की गई। इसके तहत कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे, कैमरों के सही एंगल होने के साथ ही चौकीदार और अन्य सुरक्षा गार्डों को रात्रि के समय सतर्क रहने संबंधी निर्देश दिए गए। उन्हें पुलिस हेल्प लाइन के नंबर दिए जाकर किसी अप्रिय स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचित करने की समझाइश भी दी गई। कॉलोनी के रहवासियों ने भी पुलिस को लगातार गश्त होने व अन्य कई सुझाव दिए गए। बैठक में थाना प्रभारी मनोज सेंधव के साथ संबंधित बीट प्रभारी उपनिरीक्षक घनश्याम मिश्रा, आरक्षक आनंद गौतम, निखिल पटेल आदि के साथ कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित थे।

माहेश्वरी उ.मा. विद्यालय में जन्माष्टमी और स्वतंत्रता का जश्न एक साथ मनाया गया

इंदौर। छत्रीबाग स्थित श्री माहेश्वरी विद्यालय ट्रस्ट के अंतर्गत माहेश्वरी उ.मा. विद्यालय पर जन्माष्टमी एवं स्वंत्रता दिवस का उत्सव संयुक्त रूप से दोगुने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। नंद में आनंद भयो और वंदे मातरम का जयघोष पूरे परिसर में गूंजता रहा। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र बाहेती, श्रीमती शोभा माहेश्वरी, प्राचार्य श्रीमती प्रतिभा कानूनगो ने बताया कि शुरुआत जन्माष्टमी महापर्व के साथ हुई, जिसमें प्री-नर्सरी से दूसरी तक के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण लीला पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्ण तिरंगा यात्रा भी निकाली और बैंड की धुन पर पथ संचलन भी किया। अंत में भगवान कृष्ण की आरती और भारत माता की जय के बीच नन्हें-मुन्ने बच्चों को माखन-मिश्री एवं लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया। इस तरह माहेश्वरी स्कूल में भक्ति, आनंद और देशभक्ति का अदभुत समन्वय देखने को मिला। बच्चों उत्साह बढ़ाने के लिए अध्यक्ष देवेन्द्र बाहेती, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वंदना ओझा एवं स्टाफ के सदस्यों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।

गीता भवन में जन्माष्टमी पर सुबह से रात तक होंगे अनेक आयोजन

इंदौर। शहर के प्रमुख आस्था केन्द्र मनोरमा गंज स्थित गीता भवन पर जन्माष्टमी महापर्व के उपलक्ष्य में शनिवार, 16 अगस्त को सुबह से देर रात तक विभिन्न आयोजन होंगे। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरान एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि सुबह 9 से 10 बजे तक वृंदावन से आए स्वामी विश्वात्मानंद महाराज के प्रवचन होंगे। सुबह से गीता भवन स्थित कृष्ण मंदिर में पुष्प से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर में गीता भवन भक्त मंडल की ओर से महिलाएं भगवान कृष्ण पर आधारित ब्रज के गीतों पर प्रस्तुतियां देंगी। संध्या को साढ़े 5 से साढ़े 6 बजे तक पुनः स्वामी विश्वात्मानंद के प्रवचन होंगे, जिसमें वे भगवान के जन्म से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाएंगे।

21 विद्वानों द्वारा अभिषेक - कदम्ब के फूलों से सजाएंगे झांकी

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव शनिवार, 16 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में सुबह एवं दोपहर को हरियाली, कदम्ब के फूल एवं फूलों से भगवान की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि पं. लोकेश शर्मा एवं उनके साथी भगवान के जन्म एवं रामुना में नौका विहार की झांकी सजाएंगे। संध्या को 21 विद्वानों द्वारा आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में भगवान कृष्ण का तुलसी दल, सफेद तिल्ली एवं पुष्पों से सहस्त्रार्चन किया जाएगा।

स्वच्छता के सिपाहियों का सम्मान एवं पौधरोपण

इंदौर। सामाजिक सांस्कृतिक संस्था सेवा सुरभि के तत्वावधान में इंदौर को आठवीं बार देशके सबसे स्वच्छ शहर का अवार्ड दिलवाने वाले आठ सफाई सखाओं और सखियों के सम्मान का आयोजन रविवार, 17 अगस्त को सुबह 9.30 बजे से रेसीडेंसी एरिया, डेली कालेज के सामने आयोजित किया गया है। संस्था की ओर से संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, पर्यावरणविद डॉ. ओ.पी. जोशी, डॉ. किशोर पंवार एवं डॉ. भोलेश्वर दुबे ने बताया कि इस अवसर पर पौधरोपण का आयोजन भी रखा गया है।

पोस्टमार्ट में हुए खुलासे के बाद पति पुलिस की हिरासत में

महिला की मौत का मामला हत्या में बदला, सिर में मिली गोली

इंदौर(नगर संवाददाता)। एक महिला संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मृतका के पोस्टमार्टम में पता चला कि उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। उसके सिर में गोली धंसी मिली। इस खुलासे के बाद पुलिस ने उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे पति ने सड़क हादसे में घायल होने की जानकारी दी थी। पुलिस को शंका है कि पति ने ही गोली मारकर हत्या की है।

घटना कनाड़िया इलाके की है। 30 साल की रानी बुधवार को रानी अपने बेटे के साथ कनाडिया आई थी। उसके पति ईश्वर ने पुलिस को बताया कि वह सड़क पर घायल हालत में मिली और उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया। बाद में मायके वालों को सूचना दी गई। लेकिन रानी के मायके पक्ष ने शुरू से ही पति पर हत्या का आरोप लगाया।

मायके पक्ष ने लगाया था हत्या का आरोप-रानी की बड़ी मां कांता ने कहा कि रानी और ईश्वर के बीच दो साल से विवाद चल रहा था। ईश्वर स्कूल की गाड़ी चलाता है और स्कूल में काम करने वाली एक महिला से उसके प्रेम संबंध थे। इसी वजह से वह रानी को बार-बार धमकाता था। कांता का आरोप है कि रानी की हत्या कर इस मामले को हादसे की तरह दिखाने की कोशिश की गई।

अस्पताल में पति ने बताया था सड़क हादसा

पोस्टमॉर्टम के बाद जांच में नया मोड़-गुरुवार को पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि रानी के सिर में गहरा घाव है और उसमें गोली फंसी हुई थी। एक्स-रे में भी यह साफ हो गया। इसके बाद पुलिस ने इसे हत्या का मामला मानते हुए जांच शुरू कर दी और बुधवार रात ही ईश्वर को हिरासत में ले लिया। एडिशनल डीसीपी ने कहा कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फोरेंसिक रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान के आधार पर कार्रवाई होगी।

राऊ गोल चौराहा पर हुआ हादसा

कार ने मारी टक्कर, एक भाई की मौत, दूसरा घायल

इंदौर(नगर संवाददाता)। तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार दो भाइयों को टकर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि गड्ढे से बचने के प्रयास में आरोपी कार चालक ने बिना संकेत दिए गाड़ी को मोड़ दिया था। राऊ गोल चौराहा पर हुए हादसे में पुलिस ने मर्ग कायम कर कार चालक पर केस दर्ज किया है।

राऊ पुलिस के मुताबिक हादसा गत दिवस बायपास पर राऊ गोल चौराहा पर हुआ। मृतक का नाम राजवीर पिता गणेश (18) निवासी ग्राम मालापुरा धरमपुरी जिला धार है, जबकि घायल का नाम अरमान है। वे दोनों राऊ गोल चौराहे से बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी कार जीजे 09 बीए 3787 के चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जानकारी में बताया जा रहा है कि रोड पर हुए गड्ढे से बचने के लिए कार चालक ने तेज रफ्तार कार को अचानक मोड़ा और हादसे को अंजाम दे दिया। राजवीर को सिर में गंभीर चोट आई थी। राहगीरों की मदद से

दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन राजवीर की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। पुलिस ने जांच के बाद कल आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

यहां भी डंपर ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत -इसी प्रकार इंदौर-नेमावर रोड़ पर खुड़ैल क्षेत्र में हुए सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वे दोनों बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, उसी दौरान तेज रफ्तार डंपर के चालक ने सामने से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक गत दिवस हादसा इंदौर नेमावर रोड़ पर नायरा पैट्रोल पंप के पास खुड़ैल क्षेत्र में हुआ। मृतक का नाम यशराज मौर्य है। घायल का नाम विजय मौर्य (22) है। पुलिस ने डंपर क्रमांक एमपी 09 एचएच 3426 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घायल ने पुलिस को बताया कि आरोपी डंपर चालक अपना वाहन काफी तेज गति और लापरवाही से चला कर लाया और हमारी बाइक में सामने से ट?कर मार दी। टक्कर से हम दोनों रोड पर दुक्षफका गए थे। पुलिस के मुताबिक फरियादी को हाथ, चेहरे और जांघ में चोटें लगी जबकि यशराज को सीने, कमर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां यशराज की मौत हो गई।

अज्ञात वाहन ने ली जान -गांधी हाल के समीप हुए सडक़ हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम सोहेल पिता नासिर(35) निवासी चंदन नगर है।वह अपने साथी जफर के साथ खजराना दरगाह से बाइक पर लौट रहा था। गांधी हाल के समीप अज्ञात वाहन ने ट?कर मार दी जिससे दोनों सडक़ पर जा गिरे। हादसे में सोहेल की मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

विवाद में ईंट से फोड़ा सिर

इंदौर। हैंडपंप पर पूजन सामग्री रखने को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने पड़ोसी पर ईंट से हमलाकर उसका सिर फोड़ दिया। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक घटना ल्चिोदी राम मंदिर चौराहा पर हुई। यहां रहने वाले फरियादी निलेश पिता दिलीप राठौर की शिकायत पर आरोपी जसवंत पिता मुंशीलाल चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं घर से बाहर आया तो देखा कि पड़ोसी जसवंत ने अपने घर में पूजा करने के बाद पूजा सामग्री को हैंडपंप पर रख दिया। इस पर मैंने पूछा कि यह ?या कर रहे हो। यहां रखी सामग्री। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और आरोपी ने गालियां दी। मैंने गाली देने से मना किया तो उसने ईंट उठाकर मार दी, जो सिर में लगी। इससे चोट लगकर खून निकलने लगा।

न्यायालय: जय कुमार जैन, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, इंदौर
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम एमजेसी एसयूसी/174 / 2022
गणेश विरूद्ध सर्वसाधारण व अन्य पेशी दिनांक-18.09.2025
प्रेषिती- 1. सर्वसाधारण, 2. आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गणेश पिता श्री नंदकुमार कसेरा, निवासी- 8/रामबली नगर आर्मी हेडक्वार्टर इंदौर मृत्र ने राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक़ समझता हो तो पेशी दिनांक 16.09.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकण किया जावेगा। यह आज तारीख 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
जय कुमार जैन चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, इंदौर (म.प्र.)

पिता घर लौटे तो फंदे पर मिला बेटी का शव

गांव से लौटने के बाद युवक ने भी की खुदकुशी

इंदौर(नगर संवाददाता)। निजी कंपनी में काम करने वाली एक युवती ने आजाद नगर क्षेत्र में घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेली थी। पिता घर लौटे तो बेटी का शव फंदे पर लटका मिला। उसके मोबाइल फोन में वॉट्सऐप चैट में कुछ मैसेज डिलीट पाए गए हैं। शायद आखिरी समय में किसी से चैट कर रही थी। पुलिस कारणों की जांच में जुट गई है। इसी प्रकार गांव से आने के बाद एक युवक ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

पहली घटना में आजाद नगर पुलिस के मुताबिक घटना क्षेत्र के आलोक नगर में हुई। यहां रहने वाली वर्षा पिता रूप बघेल(22),ने कल अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय माता-पिता काम पर गए थे। भाई भी ड्यूटी पर था। शाम को पिता घर लौटे तो बेटी को फंदे पर लटका देख होश उड़ गए। उन्होंने अन्य परिजन और पुलिस को सूचना दी। परिजन ने पुलिस को बताया कि वर्षा निजी कंपनी में नौकरी करती थी और पिछले दो दिनों से वह काम पर नहीं जा रही थी। जब उससे इस बारे में पूछा तो उसने कहा था कि तबीयत ठीक नहीं लग रही। कल जब घर में कोई नहीं था तो उसने जानलेवा कदम उठा लिया। परिजन का कहना है कि वर्षा का मोबाइल फोन चैक किया तो वॉट्स एप स्क्रीन पर कुछ मैसेज थे, जो बाद में डिलीट हो गए थे। मोबाइल फोन भी लॉक हो गया। मृतका के परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है जो ट्रांसपोर्ट का काम करता है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम किया गया। जांच के बाद कारणों का खुलासा हो सकेगा। आजाद नगर इलाके में ही एक युवक ने भी गांव से लौटने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक घटना विराट नगर में हुई। मृतक का नाम रंजीत पिता छोटेलाल अहिरवार (25) है। बुधवार को ही वह अपने ग्राम परसून, सागर से वापस आया था। आने के बाद कमरे में गया और फिर कमरे का दरवाजा नहीं खोला। पिता ने उसे कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। रात करीब 10 बजे मकान मालिक ने छोटेलाल को कॉल किया। वे कमरे पर पहुंचे तो रंजीत फंदे पर लटका मिला। पुलिस के मुताबिक युवक अपने पिता से अलग रहता था और प्लाय कंपनी में काम करता था। परिवार में पत्नी और एक बेटा है। पत्नी व बेटा राखी पर्व पर अपने गांव गए हुए थे।

कार्यालय नगर पालिका निगम, देवास (म.प्र.)
क्रमांक 125/विद्युत/2025 देवास, दिनांक 06/08/2025
/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं	टेण्डर क्रमाक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2025_ UAD_ 442738_1 06/08/2025	देवास शहर के वार्ड क्रं. 01 से वार्ड क्रं. 45 में लगे विद्युत पोलों को सर्वे कर नंबरिंग किये जाने के संबंध में।	1.02 माह 2. रु. 15,00,000.00	1. 2,000.00 2. 45,000.00	27/08/2025 06:PM

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)